an>

Title: Need to build a temple of Mata Sita, wife of Lord Rama in Sitamarhi, Bihar and also run a train from Ayodhya to Janakpur via Sitamarhi -laid.

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): जैसा कि हम सभी जानते हैं कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के पश्चात भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है । मैं सरकार से जगत जननी माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी में भव्य सीता माता के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह करता हूँ । इसके साथ ही अयोध्या के तर्ज पर ही पूरे सीतामढ़ी का विकास किये जाने का भी अनुरोध करता हूँ । इसके अलावा अध्यक्षपीठ के माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि अयोध्या से सीतामढ़ी होते हुए जनकपुर तक एक सुपर फास्ट ट्रेन चलाई जाए । इस ट्रेन को इस तरह से बनाय जाए कि उसमें यात्रा करने वाले लोगों को रामायण काल की अनुभूति हो सके । इससे न केवल पर्यटन का विकास होगा, बल्कि इस क्षेत्र का भी समुचित विकास होगा ।